सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट)
भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र
सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली- 110030

निविदा आमंत्रण सूचना

संदर्भ संख्या : सी-डॉट/डीईएल/निविदा- 2019-2020/006

दूरसंचार प्रौद्योगिकी और उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास कार्य में संलग्न भारत सरकार का संगठन सी-डॉट, **पैकिंग, स्थानांतरण, प्रेषण एवं निर्गम (केवल घरेलू हवाईअड्डे से) उपलब्ध कराने हेतु** प्रतिष्ठित एजेंसियों/ संविदाकारों से बोलियां आमंत्रित करता है।

खेप में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं साधन, पीसी, सर्वर्स, असेम्बल्ड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स, संघटक, मॉड्यूल्स और दूरसंचार मदें तथा कैबिनेट, रैक आदि जैसी यांत्रिक मदें शामिल होंगी।

1. **कार्य की व्याप्ति**:

कार्य की व्याप्ति में **सी-डॉट के उपकरण आदि का सी-डॉट कार्यालय तक/से अन्य स्थान से/तक पैकिंग, स्थानांतरण, प्रेषण एवं निर्गम (केवल घरेलू हवाईअड्डे से)** शामिल होगा। विवरण निविदा दस्तावेज में दिया गया है।सी-डॉट से दस्तावेजों की प्राप्ति होने के 24 घंटे के भीतर खेप पहुंचाने का ध्यान रखना होगा और मदों अतिरिक्त देखभाल और सुरक्षा संबंधी एहतियात के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाना चाहिए।

2. दस्तावेज़ डाउनलोड करना और जमा कराना :

निविदा दस्तावेज़ सी-डॉट की वेबसाइट www.cdot.in (केवल संदर्भ के लिए) और केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (सीपीपी)पोर्टल: https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोलियां सीपीपी पोर्टल पर **केवल ऑनलाइन** जमा की जाएंगी। फैक्स, ईमेल या ऑफलाइन मोड द्वारा भेजी गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस मामले में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा। एक बोलीकर्ता द्वारा इस निविदा के लिए एक से अधिक बोलियां जमा नहीं की जाएंगी।

4. महत्वपूर्ण डेटशीट

क्रम सं.	काल क्रम	तिथि एवं समय
1.	प्रकाशन की तिथि	30 अगस्त, 2019 (अपराह्न: 2:30 बजे)
2.	बोली दस्तावेज डाउनलोड/बिक्री शुरू होने की तिथि	30 अगस्त, 2019 (अपराह्न: 2:30 बजे)
3.	स्पष्टीकरण प्रारंभ होने की तिथि	30 अगस्त, 2019 (अपराह्न: 2:30 बजे)
4.	स्पष्टीकरण समाप्त होने की तिथि	04 सितम्बर, 2019 (अपराह्न: 1:30 बजे)
5.	बोली पूर्व बैठक की तिथि	05 सितम्बर, 2019 (अपराह्न: 3:00 बजे)
6.	बोली जमा कराने की आरंभिक तिथि(ऑनलाइन)	06 सितम्बर, 2019 (पूर्वाह्न:10:00 बजे)
7.	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि(ऑनलाइन)	20 सितम्बर, 2019 (पूर्वाह्न:11:00 बजे)
8.	**निविदा शुल्क और ईएमडी के रूप में डिमांड ड्रॉफ्ट की मूल हार्ड कॉपी जमा कराना**	**20 सितम्बर, 2019 (अपराह्न: 12:00 बजे)**
9.	बोली खुलने की तिथि - तकनीकी (ऑनलाइन)	23 सितम्बर, 2019 (पूर्वाह्न:11:30 बजे)
10.	बोली खुलने की तिथि -वित्तीय (ऑनलाइन)	बाद में सूचित किया जाएगा
11.	बोली की वैधता	तकनीकी बोली खुलने की तिथि से 180 दिन
12.	निविदा शुल्क	1180/- रुपये
13.	ईएमडी	80,000/- रुपये
14.	पीबीजी /प्रतिभूति जमा	4,00,000 रुपये (चार लाख रुपए) की निष्पादन बैंक गारंटी / डिमांड ड्राफ्ट- अधिक विवरण निविदा दस्तावेज में
15.	प्राधिकारी एवं निविदा शुल्क,प्रतिभूति जमा, जमा कराने, निविदा के बारे में स्पष्टीकरण की मांग करने का स्थान	मैनेजर- (क्रय) 'सेंटर फॉर डिवेलपमेंट ऑफ टेलेमैटिक्स' सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली-110030 टेलीफोन नंबर: 011-26598707
16.	ईमेल पता	purchase@cdot.in

5. मुद्रा :

सभी मूल्य दरें संलग्न प्रारूप के अनुसार सख्ती से केवल भारतीय रुपये में उद्धृत की जाएंगी।

6. बोलीकर्ता, जिसने सी-डॉट की वेबसाइट या सीपीपी पोर्टल से निविदा डाउनलोड की है, डाउनलोड मूल्य बोली किसी भी तरीके का परिवर्तन करने सहित निविदा प्रपत्र में किसी तरह बदलाव/संशोधन नहीं करेगा। यदि वह परिवर्तित/ संशोधित पाया गया, तो बोली पूरी तरह से खारिज कर दी जाएगी और ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा और बोलीकर्ता सी-डॉट के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

7. बोली जमा कराना

निविदा दो भागों में यथा तकनीकी बोली और वित्तीय बोली में ऑनलाइन जमा कराई जाएगी।

क) तकनीकी बोली कवर के अंतर्गत स्कैन और अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची:

(i) उद्यम के पंजीकरण / निगमन / फर्मों के रजिस्ट्रार / कंपनियों के रजिस्ट्रार के साथ पंजीकरण का प्रमाण पत्र

(ii) जीएसटी पंजीकरण और पैन की स्व-सत्यापित प्रति

(ii) निविदा शुल्क के रूप में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, दिल्ली के पक्ष में देय 1180/ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट की स्कैन की गई प्रति।

(iv) ईएमडी के तौर पर डीडी और वचन की स्कैन की गई प्रति, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि डीडी /बीजी के रूप में / - 80,000 रुपये की ईएमडी देय तिथि एवं समय से पहले सी-डॉट, दिल्ली को जमा करा दी जाएगी।

(v) पात्रता मानदंड दस्तावेजों को बोली जमा करने के दौरान अपलोड किया जाएगा।

(vi) सभी निबंधन एवं शर्तों का अनुपालन (वाणिज्यिक सहित)

(vii) ग्राहकों की सूची उनके संपर्क विवरण सहित

(viii) पिछले तीन वर्षों के वार्षिक टर्नओवर/ऑडिटेड बैलेंस शीट का प्रमाण

(ix) वर्तमान में जारी समान प्रकृति के कार्यों की कम से कम दो संविदाओं की प्रतियां।

(x) निविदा के निबंधन एवं शर्तों का अनुपालन करने का वचन और निष्पादन बैंक गारंटी जमा कराना– अनुबंध IV के अनुसार।

ख) वित्तीय बोली सख्ती से बीओक्यू के मूल्य बोली प्रारूप में *एक्सेल प्रारूप में होनी चाहिए

8. निविदा शुल्क और ईएमडी के संबंध में मूल दस्तावेजों की हार्ड कॉपी दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफों में जिन पर निविदा संख्या, मद और नियत तारीख को निर्दिष्ट किया गया हो, निम्नलिखित पते पहुंचा दी जानी चाहिए:

मैनेजर- (क्रय)'सेंटर फॉर डिवेलपमेंट ऑफ टेलेमैटिक्स' सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, महरौली, नई दिल्ली- 110030 दूरभाष नंबर: 011-26802856, 011-26598707 ईमेल पता: purchase@cdot.in

9. निविदा महत्वपूर्ण डेट शीट में उल्लिखित तिथि/समय के अनुसार निविदाएं खोली जाएंगी। तकनीकी-बोली के ऑनलाइन खोलने के बाद उनकी योग्यता के परिणाम के साथ-साथ मूल्य-बोली खोलने के बारे में भी बाद में सूचित किया जाएगा।

बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन के लिए नियमित रूप से सी-डॉट की वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल देखें।